# पद्म पुरस्कार 2019 घोषित : विजेताओं की सम्पूर्ण सूची

देश के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों की घोषणा **25 जनवरी 2019** को कर दी गई. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कुल 112 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की. इस बार 4 को पद्म विभूषण, 14 को पद्मभूषण और 94 को पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा.

इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वाले लोग देशभर से और समाज के सभी वर्गों से है. गृह मंत्रालय की ओर से दी गई आधिकारिक सूचना के मुताबिक स्व. अभिनेता कादर खान, स्व. कुलदीप नैय्यर, क्रिकेटर गौतम गंभीर, वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का, वैज्ञानिक नंबी नारायण, पर्वतरोही बछेंद्री पाल और दक्षिण के अभिनेता मोहन लाल सहित 112 हस्तियों को पद्म अवार्ड्स के लिए चुना गया है.

कुल 112 लोगों की सूची में 21 महिलाएं और 11 विदेशी और एनआरआई हैं. तीन मरणोपरांत पुरस्कार प्राप्त करने वाले और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं. यह सम्मान कला, सामाजिक कार्य, जन कल्याण, सरकारी क्षेत्र, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, मेडिसिन, साहित्य, शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि क्षेत्रों में दिए जाते हैं.

**पद्म विभूषण**

पद्म विभूषण सम्मान भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा उच्च नागरिक सम्मान है, जो देश के लिये असैनिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान के लिये दिया जाता है. यह सम्मान भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है. इस सम्मान की स्थापना 2 जनवरी 1954 में की गयी थी. भारत रत्न के बाद यह दूसरा प्रतिष्ठित सम्मान है.

पद्म विभूषण के बाद तीसरा नागरिक सम्मान पद्म भूषण है. यह सम्मान किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें सरकारी कर्मचारियों द्वारा की गई सेवाएं भी शामिल हैं.

| क्रमांक | **नाम** | **क्षेत्र** | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| 1 | तीजन बाई | कला (लोकगायक) | छत्तीसगढ़ |
| 2 | इस्माइल उमर गुलेह | पब्लिक अफेयर्स | जिबूती |
| 3 | अनिल कुमार मणिभाई नाइक | व्यापार और औद्योगिक ढांचा | महाराष्ट्र |
| 4 | बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे | कला-अभिनय (थिएटर) | महाराष्ट्र |

| **पद्म भूषण** | | | |
|---|---|---|---|
| पद्म भूषण सम्मान भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो देश के लिये बहुमूल्य योगदान के लिये दिया जाता है. भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों में भारत रत्न, पद्म विभूषण और पद्मश्री का नाम लिया जा सकता हैं. | | | |
| **क्रमांक** | **नाम** | **क्षेत्र** | **राज्य/देश** |
| 1 | जॉन चेंबर्स | व्यापार और उद्योग | अमेरिका |
| 2 | सुखदेव सिंह ढींढसा | पब्लिक अफेयर्स | पंजाब |
| 3 | प्रवीण गोरधन | पब्लिक अफेयर्स | दक्षिण अफ्रीका |
| 4 | महाशय धरमपाल गुलाटी | व्यापार और उद्योग | दिल्ली |
| 5 | अशोक लक्ष्मणराव कुकाडे | चिकित्सा | महाराष्ट्र |
| 6 | करिया मुंडा | पब्लिक अफेयर्स | झारखंड |
| 7 | बुधादित्य मुखर्जी | कला (संगीत सितार) | पश्चिम बंगाल |
| 8 | मोहनलाल विश्वनाथन नायर | कला (अभिनय फिल्म) | केरल |
| 9 | नंबी नारायण | विज्ञान | केरल |
| 10 | कुलदीप नैयर (मरणोपरांत) | साहित्य और शिक्षा | दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | बछेंद्री पाल | खेल (पर्वतारोहण) | उत्तराखंड |
| 12 | वीके शुंगलू | सिविल सेवा | दिल्ली |
| 13 | हुकमदेव नारायण यादव | पब्लिक अफेयर्स | बिहार |
| 14 | दर्शन लाल जैन | सामाजिक कार्य | हरियाणा |

**पद्मश्री**

पद्म श्री या पद्मश्री, भारत सरकार द्वारा आम तौर पर सिर्फ भारतीय नागरिकों को दिया जाने वाला सम्मान है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि, कला, शिक्षा, उद्योग, साहित्य, विज्ञान, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा और सार्वजनिक जीवन आदि में उनके विशिष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया जाता है.

भारत के नागरिक पुरस्कारों के पदानुक्रम में यह चौथा पुरस्कार है इससे पहले क्रमश: भारत रत्न, पद्म विभूषण और पद्म भूषण का स्थान हैं. इसके अग्रभाग पर, "पद्म" और "श्री" शब्द देवनागरी लिपि में अंकित रहते हैं.

| **क्रमांक** | **नाम** | **क्षेत्र** | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| 1 | राजेश्वर आचार्य | संगीत | उत्तर प्रदेश |
| 2 | बंगारू अदिगलार | अध्यात्म | तमिल नाडु |
| 3 | इलियास अली | चिकित्सा | असम |
| 4 | मनोज बाजपेयी | कला (अभिनय) | महाराष्ट्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | उद्धब कुमार भारली | विज्ञान | असम |
| 6 | ओमेश कुमार भारती | मेडिसिन | हिमाचल प्रदेश |
| 7 | प्रीतम भरतवाण | कला- संगीत (लोकगीत) | उत्तराखंड |
| 8 | ज्योति भट्ट | कला- पेंटिंग | गुजरात |
| 9 | दिलीप चक्रवर्ती | पुरातत्व | दिल्ली |
| 10 | मेमन चांडी | मेडिसिन | पश्चिम बंगाल |
| 11 | स्वप्न चौधरी | कला (संगीत-तबला) | पश्चिम बंगाल |
| 12 | कंवल सिंह चौहान | कृषि | हरियाणा |
| 13 | सुनील छेत्री | खेल (फुटबॉल) | तेलंगाना |
| 14 | दिनयार कॉन्ट्रैक्टर | कला (अभिनय) | महाराष्ट्र |
| 15 | मुक्ताबेन पंकजकुमार दागली | सामाजिक सेवा | गुजरात |
| 16 | बाबूलाल दहिया | कृषि | मध्यप्रदेश |
| 17 | थंगा दारलॉन्ग | कला- संगीत (बांसुरी) | त्रिपुरा |
| 18 | प्रभुदेवा | कला (नृत्य) | कर्नाटक |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | राजकुमारी देवी | कृषि | बिहार |
| 20 | भागीरथी देवी | पब्लिक अफेयर्स | बिहार |
| 21 | बलदेव सिंह ढिल्लन | विज्ञान | पंजाब |
| 22 | हरिका द्रोणावल्ली | खेल (शतरंज) | आंध्र प्रदेश |
| 23 | गोदावरी दत्त | कला (पेंटिंग) | बिहार |
| 24 | गौतम गंभीर | खेल (क्रिकेट) | दिल्ली |
| 25 | द्रोपदी घिमिरे | सामाजिक कार्य | सिक्किम |
| 26 | रोहिणी गोडबोले | साइंज- इंजिनियरिंग (न्यूक्लियर) | कर्नाटक |
| 27 | संदीप गुलेरिया | चिकित्सा | दिल्ली |
| 28 | प्रताप सिंह हर्दिया | चिकित्सा | मध्यप्रदेश |
| 29 | बुलु इमाम | सामाजिक कार्य | झारखंड |
| 30 | फ्रेडरिके इरीना (विदेशी) | सामाजिक कार्य | जर्मनी |
| 31 | जोरावर सिंह जाधव | कला- नृत्य (लोकगीत) | गुजरात |
| 32 | एस जयशंकर | सिविल सर्विस | दिल्ली |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33 | नरसिंह देव जामवाल | साहित्य- शिक्षा | जम्मू-कश्मीर |
| 34 | फयाज अहमद जन | कला (क्राफ्ट) | जम्मू-कश्मीर |
| 35 | केजी जयन | कला (संगीत) | केरल |
| 36 | सुभाष काक (विदेशी) | विज्ञान | यूएसए |
| 37 | शरत कमल | खेल (टेबल टेनिस) | तमिल नाडु |
| 38 | रजनी कांत | सामाजिक कार्य | उत्तर प्रदेश |
| 39 | सोदाम काते | मेडिसिन | महाराष्ट्र |
| 40 | वामन केंद्रे | कला (थिएटर) | महाराष्ट्र |
| 41 | कादर खान (मरणोपरांत-विदेशी) | कला (अभिनय) | कनाडा |
| 42 | अब्दुल गफूर खत्री | कला-पेंटिंग | गुजरात |
| 43 | रवींद्र कोल्हे-स्मिता कोल्हे | चिकित्सा | महाराष्ट्र |
| 44 | बोम्बायला देवी लेशराम | खेल (तीरंदाजी) | मणिपुर |
| 45 | वल्लभभाई वसरामभाई मारवानिया | अन्य-कृषि | गुजरात |
| 46 | गीता मेहता (विदेशी) | साहित्य और शिक्षा | अमेरिका |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 47 | शादाब मोहम्मद | चिकित्सा-दंत विज्ञान | उत्तर प्रदेश |
| 48 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | चिकित्सा | झारखंड |
| 49 | दैतारी नाइक | सामाजिक कार्य | ओडिशा |
| 50 | शंकर महादेवन नारायण | कला (फिल्म) | महाराष्ट्र |
| 51 | शांतनु नारायण (विदेशी) | उद्योग-उद्यम तकनीक | अमेरिका |
| 52 | नर्तकी नटराज | कला-नृत्य-भरतनाट्यम | तमिलनाडु |
| 53 | त्शेरिंग नोरबू | चिकित्सा-सर्जरी | जम्मू-कश्मीर |
| 54 | अनूप रंजन पांडेय | कला-संगीत | छत्तीसगढ़ |
| 55 | जगदीश प्रसाद पारिख | अन्य-कृषि | राजस्थान |
| 56 | गणपति भाई पटेल | साहित्य और शिक्षा | अमेरिका |
| 57 | बिमल पटेल | कृषि | गुजरात |
| 58 | हुकुमचंद पाटीदार | कृषि | राजस्थान |
| 59 | हरविंदर सिंह फूलका | पब्लिक अफेयर्स | पंजाब |
| 60 | मदुरै चिन्ना पिल्लै | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| | [illegible] | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 61 | ताओ पोर्छन लिंच (विदेशी) | योग | अमेरिका |
| 62 | कमला पुजारी | कृषि | ओडिशा |
| 63 | बजरंग पुनिया | खेल (कुश्ती) | हरियाणा |
| 64 | जगत राम | चिकित्सा | चंडीगढ़ |
| 65 | आरवी रमानी | चिकित्सा | तमिलनाडु |
| 66 | देवरापल्ली प्रकाश राव | सामाजिक कार्य | ओडिशा |
| 67 | अनूप शाह | कला-फोटोग्राफी | उत्तराखंड |
| 68 | मेलिना सालविनी (विदेशी) | कला( नृत्य-कथकली) | फ्रांस |
| 69 | नागिनदास संघवी | साहित्य और शिक्षा | महाराष्ट्र |
| 70 | श्रीवेन्नेला सीताराम शास्त्री | कला(गायन) | तेलंगाना |
| 71 | शब्बीर सैयद | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| 72 | महेश शर्मा | सामाजिक कार्य | मध्यप्रदेश |
| 73 | मो. हनीफ खान शास्त्री | साहित्य और शिक्षा | दिल्ली |
| 74 | ब्रजेश कुमार शुक्ला | साहित्य और शिक्षा | उत्तर प्रदेश |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 75 | नरेंद्र सिंह | पशुपालन | हरियाणा |
| 76 | प्रशांती सिंह | खेल | उत्तरप्रदेश |
| 77 | सुल्तान सिंह | सामाजिक कार्य | हरियाणा |
| 78 | ज्योति कुमार सिन्हा | सामाजिक कार्य | बिहार |
| 79 | आनंदन स्वामी | कला- संगीत | तमिलनाडु |
| 80 | शारदा श्रीनिवासन | पुरातत्व | कर्नाटक |
| 81 | देवेंद्र स्वरूप (मरणोपरांत) | साहित्य और शिक्षा | उत्तरप्रदेश |
| 82 | अजय ठाकुर | खेल | हिमाचल प्रदेश |
| 83 | राजीव तारानाथ | कला-संगीत (सरोद) | कर्नाटक |
| 84 | सालुमारदा थिमाक्का | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |
| 85 | जमुना टूडू | सामाजिक कार्य | झारखंड |
| 86 | भारतभूषण त्यागी | कृषि | उत्तरप्रदेश |
| 87 | रामास्वामी वेंकटस्वामी | मेडिसिन- सर्जरी | तमिलनाडु |
| 88 | रामशरण वर्मा | कृषि | उत्तरप्रदेश |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 89 | स्वामी विशुद्धानंद | अध्यात्म | केरल |
| 90 | हीरालाल यादव | कला (लोकगायन) | उत्तरप्रदेश |
| 91 | वेंकटेश्वर राव यडलापल्ली | कृषि | आंध्रप्रदेश |
| 92 | कैलाश मदबैय्या | साहित्य और शिक्षा | मध्यप्रदेश |
| 93 | रमेश बाबाजी महाराज | सामाजिक कार्य | उत्तरप्रदेश |
| 94 | केके मोहम्मद | अन्य-पुरात्व | केरल |

ये पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा रस्मी समारोहों में प्रदान किए जाते हैं, जिनका आयोजन राष्ट्रपति भवन में आमतौर पर हर साल मार्च/अप्रैल के आसपास किया जाता है. इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है.